भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या. 1615

(जिसका उत्तर मंगलवार, 03 अगस्त, 2021 को दिया गया)

कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व संबंधी परियोजनाओं से संबद्ध संगठन

1615. श्री सतीश चंद्र दुबे:

क्या **कारपोरेट कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) सहित सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत संगठनों की संख्या कितनी है जो देश में कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण, कौशल विकास, जल और स्वच्छता से संबंधित कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व परियोजनाओं से संबद्ध है, तत्संबंधी राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ख): स्वीकृत/आवंटित/उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); योजना मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); और कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री

(राव इंद्रजीत सिंह)

(क): सरकार, कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 135, इस अधिनियम की अनुसूची VII और कंपनी (सीएसआर नीति) नियम, 2014 के माध्यम से कारपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के लिए विस्तृत ढ़ाँचा प्रदान करती है। कंपनी (सीएसआर नीति) नियम, 2014 के नियम 4 के साथ पठित अधिनियम की धारा 135 में यह प्रावधान है कि कंपनी बोर्ड को अपने सीएसआर कार्यकलापों को स्वयं के द्वारा या उक्त नियम में यथा उल्लिखित कार्यान्वयन एजेंसियों के माध्यम से अपने सीएसआर कार्यकलापों को प्रारंभ करने का अधिकार है। कंपनी (सीएसआर नीति) नियम, 2014 में 22 जनवरी, 2021 को संशोधन किया गया था और केंद्र सरकार के साथ कार्यान्वयन एजेंसियों का रजिस्ट्रेशन किया जाना 01 अप्रैल, 2021 से अनिवार्य है। दिनांक 30.06.2021 तक एमसीए21 रजिस्ट्री में पंजीकृत कार्यान्वयन एजेंसियों की कुल संख्या 10,671 है।

(ख): समस्त सीएसआर ढांचा प्रकटीकरण पर आधारित है और सीएसआर अधिदेशित कंपनियों को अपनी सीएसआर गतिविधियों का विवरण एमसीए21 रजिस्ट्री में वार्षिक रूप से फाइल करना अपेक्षित है। कंपनियों द्वारा एमसीए21 रजिस्ट्री में की गई फाइलिंग के आधार पर, सभी कंपनियों द्वारा गत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान किया गया सीएसआर व्यय निम्नानुसार है:-

	वित्तीय वर्ष 2017-18	वित्तीय वर्ष 2018-19	वित्तीय वर्ष 2019-20
कंपनियों की संख्या	21,455	24,965	21,349
सीएसआर व्यय (रुपये करोड़ में)	13,909	18,728	21,231

(31.03.2021 तक का डाटा) [स्रोत: राष्ट्रीय सीएसआर डाटा पोर्टल]

कुल वार्षिक सीएसआर व्यय में से, लगभग 60% सीएसआर व्यय कार्यान्वयन एजेंसियों के माध्यम से किया गया है।

******